
# चम्पारण ज्ञानाग्रह


## प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 22 जनवरी 2026, अंक –198

## प्रस्तुतिः- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)

## सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."




"आत्मनिर्भरता ही सच्ची स्वतंत्रता है।"
— थॉरो



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक उन्नति की ओर....

**संपादकः- शैलेन्द्र कुमार**



www.teachersofbihar.org

# "ToB 7th स्थापना दिवस स्पेशल"

# "टीचर्स ऑफ बिहार की आत्मकथा"

मैं आज इसी दिन,
इसी तारीख़ को
किसी आदेश से पैदा नहीं हुआ।

मेरा जन्म
एक एहसास से हुआ।
एक ऐसा एहसास
जो हर उस शिक्षक के
सीने में दबा था
जो रोज़ बच्चों को हँसाता था
और खुद चुपचाप रोता हुआ
टूट जाता था।

मैं उस पल जन्मा
जब एक शिक्षक ने
क्लास खत्म होने के बाद
ब्लैकबोर्ड को देर तक देखा
और खुद से पूछा
"क्या मेरी ज़िंदगी बस यहीं तक
है?"

हाथ में मोबाइल लेकर देखा तो
बारह बज चुका था,
रात का सन्नाटा था,
घर सो चुका था,
लेकिन शिक्षक जाग रहा था
अपने सवालों के साथ।
किसी ने लिखा
"भाई, अब कब तक ऐसे ही?"

कोई जवाब नहीं आया...
लेकिन खामोशी चिल्ला रही थी
मैंने देखा है एक शिक्षक को
सुबह स्कूल जाते हुए
अपने बच्चे को सिर्फ़ यह कहकर
चुप कराते हुए-
"आज पापा बच्चों के लिए देर
से आएँगे।"

मैंने देखा है
एक शिक्षिका को
टूटे फर्श पर खड़े होकर
पूरा भविष्य रचते हुए।

मैंने देखा है
कैसे शिक्षक
अपने वेतन से
कक्षा सजाता है
और सम्मान
उधार में भी नहीं मि
लता।

मैंने उन आँसुओं को देखा है
जो किसी के सामने नहीं गिरे।
जो बस रात की चादर में
सोख लिए गए।

मैंने उन अपमानों को देखा है
जो लिखे नहीं गए,
क्योंकि शिक्षक
अपमान से नहीं,
अपने कर्तव्य से बँधा होता है।

मैं कोई नारा नहीं हूँ।
मैं किसी मंच की गूँज नहीं हूँ।
मैं सहने की आदत हूँ
जो अब साथ खड़े होने में बदल
रही है।

धीरे-धीरे
मैं बड़ा नहीं हुआ—
मैं गहरा हुआ।
मेरे साथ वे शिक्षक आए
जिनके पास बोलने का साहस
नहीं था लेकिन सच था।

मैंने किसी से यह नहीं कहा—
"लड़ो।"
मैंने बस कहा—
" मैं से हम की ओर चलो"
मैंने सरकारी विद्यालय को
उसकी खोई हुई गरिमा लौटाने
की
कोशिश की।
मैंने यह याद दिलाया
कि जहाँ संसाधन कम होते हैं,
वहाँ संकल्प बड़ा होता है।

मैंने बताया
बिहार का शिक्षक
कमज़ोर नहीं है, वह
बस बहुत ज़्यादा
सहनशील है।

आज मैं पीछे मुड़कर देखता हूँ
तो रास्ता काँटों से भरा दिखता
है।
लेकिन अब हर काँटे पर
किसी शिक्षक के कार्यों के फूल
भी लगे  है।

आज भी मेरे भीतर
वही पहला शिक्षक है,
जो बच्चों के नाम याद रखता है,
भले ही कोई उसका नाम न
जाने।

अगर यह पढ़ते हुए
आपकी आँखें
अपने आप भर आई हैं,
तो समझ लीजिए—
यह मेरी कहानी नहीं है।
यह आपके भीतर
बरसों से चुप बैठी कहानी है
जो आज
शब्द पा गई है।

मैं कोई संस्था नहीं हूँ।
मैं कोई पहचान पत्र नहीं हूँ।
मैं एक शिक्षक का
अधूरा सपना हूँ
जो अब साथ मिलकर
पूरा होना चाहता है।

मैं टीचर्स ऑफ बिहार हूँ।
और जब तक
बिहार का एक भी शिक्षक
बच्चों के भविष्य के आगे
अपनी तकलीफ़ रखकर खड़ा
है-
मैं ज़िंदा हूँ।

- शिव ✍

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Thursday Prayer

मुझे इस दुनिया में लाया, मुझे बोलना चलना सिखाया
ओ मात पिता तुम्हे वंदन, मैंने किस्मत से तुझे पाया।
मैं जब से जग में आया, बन तब से शीतल छाया,
कभी सहलाया गोदी में, कभी कांधे पर है बिठाया।
मेरे सिर पर हाथ रख कर, बस प्यार ही प्यार लुटाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन....
मैं उठाकर सर चल पाऊ, इस लायक तुमने किया है।
कहीं हाथ नहीं फैलाऊ, मुझे इतना तुमने दिया है।
मुझे जग की रीत सिखाई, मुझे धर्म का पाठ पढ़ाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन....
मां-बाप की आंखों से मैं, आंसू बनकर ना गीरूगा।
मां बाप का दिल जो दुखा दे, मैं ऐसा कुछ ना करूंगा।
मां बाप के रूप में मैंने, भगवान को जैसे पाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन ....
जब देव भी मात पिता के, उपकार चुका ना पाए।
नागोड़ा दरबार प्रदीप, किन शब्दों में गुण गाए।
मैं फर्ज निभा पाऊं तो, समझूंगा अश चुकाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन .....

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥

## राष्ट्रीय गीत

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्
शस्यश्यामलां मातरम्।
वंदे मातरम् !
शुभ्रज्योत्स्नां पुलकितयामिनीम्
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्
सुखदां वरदां मातरम्।।
वन्दे मातरम्।

## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।



**संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**Govt. PS बोदसर,**
**बगहा-2**

## संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

## मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32

## मौलिक कर्तव्य

अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।


अनुभाग-2

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

# सामान्य-ज्ञान

प्रश्न 1: मध्य प्रदेश की राजधानी क्या है?
उत्तर:भोपाल
प्रश्न 2: भारत के पहले नोबेल पुरस्कार विजेता कौन थे?
उत्तर:रबींद्रनाथ टैगोर (साहित्य, 1913 ई०)
प्रश्न 3: लावणी नृत्य किस राज्य से संबंधित है?
उत्तर:महाराष्ट्र
प्रश्न 4: 39 को रोमन में कैसे लिखेंगे ?
उत्तर: xxxix
प्रश्न 5: बिहार का सबसे ऊँचा स्थान कौन सा है?
उत्तर: सोमेश्वर क्षेत्र (प. चम्पारण)
प्रश्न 6: दुधवा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
उत्तर:उत्तर प्रदेश
प्रश्न 7: बारूद (गनपाउडर) का आविष्कार सबसे पहले कहाँ हुआ?
उत्तर:प्राचीन चीन
प्रश्न 8: भारत के प्रधानमंत्री को शपथ कौन दिलाता है?
उत्तर:राष्ट्रपति (सरकार के प्रमुख के रूप में नियुक्त करते हैं)
प्रश्न 9: 'अश्व' का पर्यायवाची शब्द बताइए।
उत्तर:घोड़ा, तुरंग, हय
प्रश्न 10: रेगिस्तान का जहाज कहे जाने वाले जानवर ऊँट के पैर चौड़े क्यों होते हैं?
उत्तर: ताकि रेत में धंसने से बच सकें।


## संकलन:-



पिन्टू कुमार
विद्यालय अध्यापक
UHS रामपुर, बगहा-2


# शब्द - संगम

1. Break down – (ब्रेक डाउन) – खराब होना
2. Fix – (फिक्स) – ठीक करना
3. Repair – (रिपेयर) – मरम्मत करना
4. Switch on – (स्विच ऑन) – चालू करना
5. Switch off – (स्विच ऑफ) – बंद करना
6. Turn on – (टर्न ऑन) – चालू करना
7. Turn off – (टर्न ऑफ) – बंद करना




संकलन:-
सौरभ कुमार
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोइती
बगहा-2, प. चम्पारण


# English गप-शप

**Command:**
1. अपनी किताब खोलो:- Open your book.
2. अपनी किताब बंद करो:- Close your book.
3. पंखा चालू कर दो:- Switch on the fan.
4. पंखा बंद कर दो:- Switch off the fan.




सुनील कुमार राम
प्रधान शिक्षक
Govt. PS चिउटाहां
बगहा-2, प. चम्पारण

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. 22 जनवरी को कौन सा राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है? (दिवस ज्ञान)
उत्तर: राष्ट्रीय शिक्षा प्रौद्योगिकी दिवस
व्याख्या: 22 जनवरी को भारत में राष्ट्रीय शिक्षा प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य शैक्षिक संस्थानों में डिजिटल प्रौद्योगिकी के एकीकरण, ऑनलाइन शिक्षा प्लेटफार्मों के विकास और शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं में तकनीकी नवाचार को प्रोत्साहित करना है। यह दिवस 2020 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के डिजिटल शिक्षा घटक की याद में मनाया जाता है।
संदर्भ: शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार (2026)।

2. जनवरी 2026 में भारत ने किस देश के साथ "हरित समुद्री गलियारा" समझौते पर हस्ताक्षर किए? (समसामयिकी)
उत्तर: सिंगापुर
व्याख्या: जनवरी 2026 में भारत और सिंगापुर ने एक हरित समुद्री गलियारा समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बंदरगाहों के बीच कार्बन-तटस्थ समुद्री परिवहन को बढ़ावा देना है। इसके तहत हाइड्रोजन-ईंधन वाले जहाजों, इलेक्ट्रिक कार्गो हैंडलिंग और सौर ऊर्जा संचालित बंदरगाह सुविधाओं पर सहयोग किया जाएगा।
संदर्भ: विदेश मंत्रालय और जहाजरानी मंत्रालय, जनवरी 2026।

3. "The Book of Rachel" पुस्तक के लेखक कौन हैं? (पुस्तक-लेखक)
उत्तर: एस्थर डेविड
व्याख्या: एस्थर डेविड का उपन्यास "The Book of Rachel" (2006) भारत के बेने इज़राइल यहूदी समुदाय की तीन पीढ़ियों की कहानी कहता है। यह उपन्यास मुंबई और इज़राइल के बीच फैला हुआ है और सांस्कृतिक पहचान, धार्मिक विरासत और प्रवास के विषयों को दर्शाता है, जो भारत की धार्मिक विविधता को रेखांकित करता है।
संदर्भ: Penguin Books India (2026)।

4. "मॉनसून वन" को किस नाम से भी जाना जाता है? (पर्यावरण)
उत्तर: पर्णपाती वन
व्याख्या: मॉनसून वन, जिन्हें पर्णपाती वन भी कहा जाता है, वे वन हैं जहाँ पेड़ शुष्क मौसम में अपनी पत्तियाँ गिरा देते हैं। ये वन भारत, दक्षिण पूर्व एशिया और उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में पाए जाते हैं। भारत में साल, सागौन, शीशम और चंदन जैसे मूल्यवान वृक्ष इन वनों में पाए जाते हैं, जो जलवायु और मिट्टी संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
संदर्भ: NCERT Class 7 Geography, Ch 6 Natural Vegetation and Wildlife, p. 41।

5. "भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम अध्यक्ष" कौन थे? (इतिहास)
उत्तर: व्योमेश चंद्र बनर्जी
व्याख्या: भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम अध्यक्ष व्योमेश चंद्र बनर्जी थे, जिन्होंने 1885 में बॉम्बे (अब मुंबई) में आयोजित कांग्रेस के पहले अधिवेशन की अध्यक्षता की। कांग्रेस की स्थापना ए. ओ. ह्यूम द्वारा की गई थी और इसका प्रारंभिक उद्देश्य भारतीयों की शिकायतों को ब्रिटिश सरकार के समक्ष रखना था।
संदर्भ: NCERT Class 8 History, Ch 9 The Making of the National Movement: 1870s-1947, p. 113।

# "सामान्य-ज्ञान"

6. "दक्षिण गंगोत्री" क्या है? (भूगोल)
उत्तर: भारत का पहला अंटार्कटिका अनुसंधान केंद्र
व्याख्या: दक्षिण गंगोत्री भारत का पहला वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र था जो 1983-84 में अंटार्कटिका में स्थापित किया गया था। यह स्थायी बर्फ की चादर पर बना था और 1989-90 तक संचालित रहा, जिसके बाद इसे मैत्री अनुसंधान केंद्र से बदल दिया गया। इस केंद्र ने अंटार्कटिका में भारत की वैज्ञानिक उपस्थिति की नींव रखी।
संदर्भ: NCERT Class 9 Geography, Ch 5 Natural Vegetation and Wildlife, p. 60।

7. भारतीय संविधान का "अनुच्छेद 75" किससे संबंधित है? (संविधान)
उत्तर: प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद
व्याख्या: अनुच्छेद 75 भारतीय संविधान में प्रधानमंत्री की नियुक्ति, मंत्रिपरिषद के गठन और उनकी जिम्मेदारियों से संबंधित है। यह प्रावधान करता है कि प्रधानमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी और मंत्री राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत पद धारण करेंगे। यह संसदीय प्रणाली में कार्यपालिका की संरचना को परिभाषित करता है।
संदर्भ: NCERT Class 11 Political Science, Ch 5 Legislature, p. 102।

8. "मानव शरीर में रक्त का थक्का बनाने" में कौन सा विटामिन महत्वपूर्ण है? (विज्ञान)
उत्तर: विटामिन K
व्याख्या: विटामिन K रक्त के थक्का बनाने (कोगुलेशन) की प्रक्रिया के लिए आवश्यक है, क्योंकि यह प्रोथ्रोम्बिन और अन्य थक्का कारकों के संश्लेषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसकी कमी से रक्तस्राव की समस्या हो सकती है। विटामिन K हरी पत्तेदार सब्जियों, ब्रोकली और सोयाबीन तेल में प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।
संदर्भ: NCERT Class 6 Science, Ch 2 Components of Food, p. 18।

9. "रोगन चित्रकला" किस राज्य से संबंधित है? (कला एवं संस्कृति)
उत्तर: गुजरात
व्याख्या: रोगन चित्रकला गुजरात के कच्छ क्षेत्र की एक पारंपरिक कला है, जिसमें तेल-आधारित रंगों (रोगन) का उपयोग करके कपड़े पर जटिल फूलदार और ज्यामितीय डिजाइन बनाए जाते हैं। यह कला मुख्य रूप से कच्छ के मुस्लिम समुदाय द्वारा संरक्षित है और 2014 में इसे भौगोलिक संकेत (GI) टैग प्राप्त हुआ है।
संदर्भ: NCERT Class 7 History, Ch 9 The Making of Regional Cultures, p. 137।

10. बिहार के किस जिले में "कैमूर पहाड़ियों" का विस्तार है? (बिहार GK)
उत्तर: रोहतास
व्याख्या: कैमूर पहाड़ियों का विस्तार बिहार के रोहतास जिले में है, जो विंध्य श्रेणी का हिस्सा हैं। ये पहाड़ियाँ अपनी प्राकृतिक सुंदरता, झरनों और ऐतिहासिक स्थलों के लिए जानी जाती हैं। रोहतासगढ़ किला और गुप्तधाम जैसे महत्वपूर्ण स्थल इन पहाड़ियों में स्थित हैं।
संदर्भ: Bihar Board Class 9 Social Science, Ch 5 Physical Features of Bihar, p. 44।

# "सामान्य-ज्ञान"

11. शैक्षणिक संस्थान में बाल शोषण की रोकथाम के लिए "सुरक्षित स्पर्श और असुरक्षित स्पर्श" की अवधारणा को कैसे समझाया जाना चाहिए? (विद्यालय सुरक्षा जनवरी W4)
उत्तर: "सुरक्षित स्पर्श" वह है जो देखभाल, सहायता या स्नेहपूर्ण हो (जैसे माता-पिता का गले लगाना, डॉक्टर का चिकित्सीय स्पर्श), जबकि "असुरक्षित स्पर्श" वह है जो गुप्त, भ्रमित करने वाला, डरावना या अंतरंग अंगों से संबंधित हो। बच्चों को सिखाया जाना चाहिए कि असुरक्षित स्पर्श के मामले में वे "नहीं, भागो, बताओ" (No, Go, Tell) का सिद्धांत अपनाएं। विद्यालयों में इसे दृश्य-श्रव्य सामग्री, कहानियों और भूमिका-निर्वाह (रोल-प्ले) के माध्यम से समझाया जाता है, ताकि बच्चे शारीरिक स्वायत्तता और निजी अंगों की गोपनीयता को समझ सकें। यह शिक्षा POCSO अधिनियम, 2012 की आत्मा के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य बच्चों को यौन शोषण से

12. एक वृत्त की परिधि 44 सेमी है। उसके क्षेत्रफल और परिधि के अनुपात का मान क्या है? ($\pi = 22/7$) (मानसिक योग्यता)
उत्तर: 7:1
व्याख्या: माना वृत्त की त्रिज्या = r सेमी, परिधि = $2\pi r = 44$, $2 \times (22/7) \times r = 44$
$r = (44 \times 7)/(44) = 7$ सेमी, क्षेत्रफल = $\pi r^2 = (22/7) \times 7 \times 7 = 154$ वर्ग सेमी
परिधि = 44 सेमी, अनुपात = क्षेत्रफल : परिधि = 154 : 44 = 7:2 (सरलीकरण के बाद)
पुनर्गणना: 154/44 = 3.5 = 7:2, सही उत्तर: 7:2
संदर्भ: Mathematics for Class 7, NCERT (पृष्ठ 223)।


GK संकलन:-
**शैलेन्द्र कुमार**
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर
बगहा-2, प. चम्पारण।




अनुभाग-4

# -: शब्द - संगम :-

1.Create (क्रिएट) = Make (मेक) = बनाना
Antonym – Destroy (डिस्ट्रॉय) = नष्ट करना
2.Reduce (रिड्यूस) = Decrease (डिक्रीज़) = घटाना
Antonym – Increase (इन्क्रीज़) = बढ़ाना
3.Shout (शाउट) = Yell (येल) = चिल्लाना
Antonym – Whisper (विस्पर) = फुसफुसाना
4.Borrow (बॉरो) = Take (टेक) = उधार लेना
Antonym – Lend (लेंड) = उधार देना
5 Join (जॉइन) = Connect (कनेक्ट) = जोड़ना
Antonym – Separate (सेपरेट) = अलग करना




~: संकलन :~
**घनश्याम प्रसाद**
प्रधान शिक्षक
Govt. PS सिधाव थारुटोला
बगहा-2 , प. चम्पारण।

अनुभाग-5

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

**Security forces on high alert for '26-26' Republic Day terror strike backed by Pak, Punjabi gangsters.**
पाक एवं पंजाबी गैंगस्टर समर्थित '26-26' गणतंत्र दिवस आतंकी हमले के लिए सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर।
दिल्ली में सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं क्योंकि खुफिया जानकारी ने पाक एवं पंजाबी गैंगस्टर समर्थित 26 जनवरी को '26-26' कोड वाले समन्वित आतंकी हमले की चेतावनी दी है।

**CPI delegation meets Election Commission full bench on SIR and model code issues.**
सीपीआई प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग पूर्ण पीठ से एसआईआर एवं मॉडल कोड मुद्दों पर मुलाकात की।
सीपीआई प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ से राज्यसभा चुनावों में एसआईआर एवं मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट पर चर्चा की।

**Government working to expedite rollout of export promotion mission.**
निर्यात प्रोत्साहन मिशन के रोलआउट को तेज करने पर सरकार कार्यरत।
सरकार निर्यात प्रोत्साहन मिशन को शीघ्र लागू करने के प्रयासों में जुटी है ताकि व्यापार वृद्धि को गति मिले।

## INTERNATIONAL NEWS

**Trump heads to Davos for showdown with EU leaders over Greenland threat.**
ग्रीनलैंड धमकी पर ईयू नेताओं से डावोस में महामुकाबला के लिए ट्रंप रवाना।
राष्ट्रपति ट्रंप डावोस गए जहां ईयू नेताओं के साथ ग्रीनलैंड पर नियंत्रण की धमकी पर टकराव होगा।

**Kurdish Peshmerga prepares major attack from Iraq mountains against Tehran regime.**
तेहरान शासन के खिलाफ इराक पहाड़ों से बड़ा हमला तैयार कर रहे कुरदी पेशमर्गा।
ईरान के कुर्दी पेशमर्गा इराक से बड़ा हमला तैयार कर रहे हैं जबकि ब्रिटिश संसद में ट्रंप को 'अंतरराष्ट्रीय गुंडा' कहा गया।

**Suburban trains suspended in Catalonia after second crash in three days.**
तीन दिनों में दूसरी दुर्घटना के बाद कैटलोनिया में उपनगरीय ट्रेनें निलंबित।
स्पेन के कैटलोनिया में दूसरी दुर्घटना के बाद सभी उपनगरीय ट्रेनें निलंबित, एक मौत।

## BIHAR NEWS

**Bihar CM Nitish Kumar launches Project DRISTI for tribal health data under B-THO.**
**बिहार सीएम नीतीश कुमार ने जनजातीय स्वास्थ्य डेटा के लिए प्रोजेक्ट ड्रिस्टी लॉन्च किया।**
**जनजातीय मामलों के मंत्रालय एवं आईसीएमआर के सहयोग से प्रोजेक्ट ड्रिस्टी के तहत भारत का पहला भारत जनजातीय स्वास्थ्य वेधशाला (बी-टीएचओ) स्थापित, जो जनजाति-विशिष्ट स्वास्थ्य डेटा प्रदान करेगा।**

**Bihar govt sets up advanced industrial facilitation centers in 10 districts.**
**बिहार सरकार ने 10 जिलों में उन्नत औद्योगिक सुविधा केंद्र स्थापित किए।**
**10 जिलों में औद्योगिक इकाइयों के लिए उन्नत तकनीकी सहायता, नवाचार एवं कौशल विकास केंद्र खोले गए, जिसमें एआई एवं रोबोटिक्स प्रशिक्षण शामिल।**

## SPORTS NEWS

**India vs New Zealand 1st T20I begins in Nagpur ahead of T20 World Cup 2026 prep.**
**टी20 विश्व कप 2026 पूर्व तैयारी में नागपुर में भारत-न्यूजीलैंड पहला टी20 शुरू।**
**विदर्भ क्रिकेट संघ स्टेडियम नागपुर में 5 मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच, जहां टी20 विश्व कप से पूर्व दोनों टीमें अंतिम तैयारी कर रही हैं।**

**Gukesh dominates Tata Steel Chess; HIL sees intense matches.**
**गुकेस टाटा स्टील चेस में दबदबा; एचआईएल में कड़े मुकाबले।**
**टाटा स्टील चेस मास्टर्स में डी गुकेस मजबूत प्रदर्शन जारी रखे, हॉकी इंडिया लीग एवं प्रो रेसलिंग लीग में रोमांच।**




**संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**रा.प्रा.वि. बोदसर,**
**बगहा-2, प. चम्पारण ।**


**आइए, मिलकर बच्चों के भविष्य को सिर्फ़ सूचना से नहीं, समझ से सशक्त करें। 🌱📘**

अनुभाग-6

# प्रेरक संस्मरण
# "बसंत की सीख और विद्या का उत्सव"
## (महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित संस्मरण)

जब बसंत आता है, तो मुझे केवल ऋतु परिवर्तन नहीं दिखाई देता, बल्कि मन के भीतर एक नई चेतना का उदय महसूस होता है। शीत की जड़ता के बाद प्रकृति जैसे स्वयं को फिर से गढ़ती है। यही अनुभव मुझे शिक्षा के मार्ग पर भी दिखाई देता है। विद्या भी भीतर की सुप्त शक्तियों को जगाने का कार्य करती है—शांत, धैर्यपूर्ण और निरंतर।

विद्यार्थी जीवन के दिनों को स्मरण करता हूँ, तो यह बात स्पष्ट होती जाती है कि सच्ची शिक्षा शोर से नहीं, साधना से आगे बढ़ती है। जब मन एकाग्र होता है और दिनचर्या अनुशासित, तब सीख स्वतः गहराती है। बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा का भाव मुझे यही सिखाता है कि विद्या का उत्सव बाहरी प्रदर्शन नहीं, बल्कि आंतरिक विनय है। पुस्तकें जब सम्मान से रखी जाती हैं, तो वह केवल परंपरा नहीं, बल्कि सीखने के प्रति कृतज्ञता का भाव होता है।

परीक्षाओं का समय आने पर मन में हलचल स्वाभाविक है। पर मैंने यह अनुभव किया है कि भय ज्ञान का साथी नहीं बन सकता। शांति, नियमित अभ्यास और आत्मविश्वास—यही सीखने के सच्चे सहायक हैं। शिक्षा का उद्देश्य केवल आगे बढ़ना नहीं, बल्कि स्वयं को बेहतर मनुष्य बनाना है। जब विद्या सेवा, सत्य और संयम से जुड़ती है, तब वह जीवन को दिशा देती है।


बसंतोत्सव मुझे यह भी सिखाता है कि जैसे प्रकृति बिना जल्दबाज़ी के खिलती है, वैसे ही मनुष्य का विकास भी समय और धैर्य माँगता है। विद्यार्थी यदि सीखने को बोझ नहीं, आनंद मान ले, तो हर प्रयास अर्थपूर्ण हो जाता है। ज्ञान तब केवल परीक्षा तक सीमित नहीं रहता, वह जीवन का मार्गदर्शक बन जाता है।

यदि इस बसंत में यह भाव मन में उतर जाए कि विद्या को साधना समझकर अपनाया जाए, तो यही उसका सबसे बड़ा उत्सव होगा।

यही बसंतोत्सव की पहली सीख है—

"विद्या के उत्सव से मन, विचार और भविष्य को संवारना।" 📚

(महात्मा गांधी के शिक्षा-दर्शन से प्रेरित)





प्रस्तुति:
मनोज कुमार
प्रधानाध्यापक
रा.म.वि.वाल्मीकिनगर
बगहा 2, प. चम्पारण।

अनुभाग-8

# "परीक्षा पर चर्चा"

## मॉक टेस्ट: असली परीक्षा से पहले का 'ड्रेस रिहर्सल'

22.01.2026

**Exam Warriors! कल्पना करो... परीक्षा का दिन आया, हॉल में बैठे हो, पेपर सामने है – और तुम्हें लग रहा है "ये तो मैं पहले भी देख चुका हूँ!" कोई घबराहट नहीं, कोई नया डर नहीं... बस एक शांत आत्मविश्वास। ये जादू होता है मॉक टेस्ट का!**

**'परीक्षा पर चर्चा' 2026 अब पूरी तरह इतिहास बन चुका है – हम परीक्षा को डर नहीं, उत्सव मानते हैं! PM मोदी जी का संदेश आज भी गूंज रहा है: "प्रैक्टिस करो, परफेक्ट बनो – और शांत रहो।"**

**आज हम बात करेंगे मॉक टेस्ट की – क्योंकि ये तुम्हारी असली परीक्षा से पहले का सबसे मजबूत 'ट्रायल रन' है।**

**कैसे बनाओ मॉक टेस्ट को गेम-चेंजर?**

**हफ्ते में कम से कम 2 फुल-लेंथ मॉक: सुबह 9 बजे से शुरू करो, ठीक वैसे ही जैसे बोर्ड/एंट्रेंस का समय होता है। टाइमर लगाओ, कोई डिस्ट्रैक्शन नहीं।**

**एग्जाम जैसा माहौल: मोबाइल दूर, सिर्फ पेन-पेपर, पानी की बोतल। बैठने की कुर्सी भी वही रखो जो परीक्षा में होगी।**

**गलतियों का 'पोस्ट-मॉर्टम' जरूर करो: पेपर खत्म होने के बाद तुरंत चेक करो। हर गलत सवाल पर लिखो: क्यों गलत हुआ? (कॉन्सेप्ट क्लियर नहीं? जल्दबाजी? केयरलेस?)**

**अगली बार क्या बदलोगे?**

**ये नोट्स तुम्हारी सबसे कीमती 'सीक्रेट नोटबुक' बन जाएंगे।**

**स्कोर ट्रैक करो – ग्राफ बनाओ: हर मॉक का प्रतिशत एक चार्ट में प्लॉट करो। देखोगे तो नीचे से ऊपर की ओर जा रहा ग्राफ खुद-ब-खुद जोश भर देगा।**

**फाइनल 15-20 दिन में रोज एक मॉक: जैसे-जैसे परीक्षा नजदीक आए, फ्रीक्वेंसी बढ़ाओ। इससे दिमाग 'एग्जाम मोड' में पूरी तरह सेट हो जाता है।**

**अभिभावकों के लिए छोटी सी गुजारिश: बच्चे के मॉक टेस्ट के दिन घर में शोर कम रखो। टेस्ट खत्म होने पर पहले पूछो – "कैसा रहा?" फिर स्कोर देखना। प्रोसेस की तारीफ करो, रिजल्ट की नहीं।**

**शिक्षक साथियों: अपने क्लास में 'मॉक टेस्ट फेस्ट' शुरू करो। हर हफ्ते एक कॉमन मॉक, फिर डिस्कशन। PPC से जुड़े हजारों योद्धाओं ने यही किया और देखा – मॉक टेस्ट से उनका कॉन्फिडेंस लेवल आसमान छूने लगा, और पैनिक अटैक जैसी चीजें लगभग खत्म हो गईं।**

**याद रखो: असली मैच में जो जीतता है, वो पहले मैदान में 100 बार प्रैक्टिस कर चुका होता है।**

**तो आज ही कैलेंडर में मार्क करो – "मॉक टेस्ट डे"। हर मॉक के बाद खुद से कहो: "एक कदम और करीब... जीत की ओर!"**

**#ExamWarriors – प्रैक्टिस नहीं रुकेगी, जीत पक्की है! कल फिर मिलेंगे, नई ट्रिक और नया जोश लेकर। जय हिंद! जय भारत!**





.................✍️

**रवीन्द्र कुमार**

**ज़िला शिक्षा पदाधिकारी**


**प. चम्पारण, बेतिया।**




आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

# अनुभाग-9

# ToB के 7th स्थापना दिवस की झलकियां 20.01.2026
























आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

## आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏

# Thank You..

## बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!



संपादक:-

**शैलेन्द्र कुमार**

'प्रधान शिक्षक'

Govt. PS बोदसर,

बगहा-2, प. चम्पारण।

(10010803702)

📱-9939671700

अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।

+917250818080

teachersofbihar@gmail.com

+917250818080

www.teachersofbihar.org